मूल्य 1 रु.
वर्ष: 15 - अंक : 45, मुंबई, मंगलवार, 3 जून, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




DESI™ VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

## थाईलैंड से मुंबई आए यात्री के बैग में मिले 47 जहरीले सांप

### एयरपोर्ट पर चेंकिंग के दौरान सुरक्षा गार्ड भी घबराए



रंग-बिरंगे सांपों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल

**मुंबई हलचल/संवाददाता / मुंबई।** हम अक्सर ये देखते सुनते हैं कि एयरपोर्ट पर यात्रियों की जांच के दौरान उनसे सोने और दूसरे महंगी चीजें बरामद होती हैं, लेकिन देश की आर्थिक राजधानी में मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक अजीबो-गरीब नजारा देखने को मिला। यहां कस्टमर की जांच में एक भारतीय यात्री से अधिकारियों ने 47 विषैले सांप और पांच कछुए बरामद किए। यात्री के पास से सांप बरामद होने पर सुरक्षा स्टॉफ भी डर गया। (शेष पृष्ठ 3 पर)

## अकोला में कांग्रेस नेता के भाई की हत्या



### लोहे के रॉड से सिर पर किए कई वार, एक दिन पहले ही मिली थी बेल

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय कौशल के भाई और पूर्व इंजीनियर संजय कौशल की सोमवार की रात हत्या कर दी गई। आरोपी का नाम महेंद्र पवार है। आरोपी की संजय कौशल से पुराना रंजिश चल रही थी। उसी के चलते उसने घटना को अंजाम दिया है। संजय कौशल लोक निर्माण विभाग में इंजीनियर के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। यह दिल दहलाने वाली हत्या अकोला के रणपीसे नगर में हुई। अकोला जिले के पुलिस अधीक्षक अर्चित चांडक की कार्यभार संभालने के पहले सप्ताह के भीतर ही हत्या कर दी गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## टीवी अभिनेता विभु राघव का निधन



### कैंसर से लंबी जंग के बाद 2 जून को ली आखिरी सांस

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** टेलीविजन इंडस्ट्री से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। लोकप्रिय टीवी शो 'निशा और उसके कजिन्स' में दर्शकों का दिल जीतने वाले अभिनेता विभु राघव अब इस दुनिया में नहीं रहे। 2 जून 2025 को मुंबई के नानावटी अस्पताल में उनका निधन हो गया। वे स्टेज 4 कोलन कैंसर से जूझ रहे थे। विभु राघव, जिनका असली नाम वैभव कुमार सिंह राघव था, बीते कुछ सालों से कैंसर से लड़ रहे थे। विभु राघव सोशल मीडिया पर अक्सर अपनी हेल्थ से जुड़ी अपडेट्स शेयर करते थे और हमेशा सकारात्मक सोच से अपने फॉलोअर्स को प्रेरित करते थे। लेकिन पिछले एक महीने से वे सोशल मीडिया से गायब थे, जिससे उनके चाहने वालों में चिंता बढ़ गई थी। (शेष पृष्ठ 3 पर)

## धारावी मास्टर प्लान पर लगेगी रोक!

### पुनर्विकास की राह में आई कांग्रेस, विध्वंस मॉडल की खुलेगी पोल

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** सरकार के धारावी पुनर्विकास मास्टर प्लान को रोकने के लिए विपक्ष तरह-तरह के तरीके अपना रहा है। इस बार फिर कांग्रेस ने धारावी पुनर्विकास के मास्टर प्लान पर रोक लगाने की मांग कर दी है। कांग्रेस ने सोमवार को धारावी बस्ती पुनर्विकास मास्टर प्लान पर रोक लगाने की मांग की और आरोप लगाया कि परियोजना को निवासियों से परामर्श किए बिना मंजूरी दी गई। कांग्रेस की मुंबई इकाई की अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मास्टर प्लान पर जन सुनवाई करने की अपील की। उन्होंने दावा किया कि एमआरटीपी अधिनियम के तहत अनिवार्य प्रावधानों की अनदेखी की गई और सरकार द्वारा एक पुराना अनुमोदन आदेश पारित किया गया।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



### कैसे तैयार किया मास्टर प्लान?

कांग्रेस सांसद गायकवाड़ ने कहा, तो इस प्रक्रिया को छोड़कर एक पुराना अनुमोदन आदेश क्यों पारित किया जा रहा है? क्या यह धोखाधड़ी नहीं है? क्या यह विश्वासघात नहीं है। गायकवाड़ ने दावा किया कि व्यवहार्यता अध्ययन अभी तक पूरा नहीं हुआ है और एक भी सार्वजनिक परामर्श बैठक नहीं हुई है। गायकवाड़ ने कहा, तो मास्टर प्लान कैसे तैयार किया गया? किस आंकड़े के आधार पर? किसके निर्देश पर? सर्वेक्षण प्रक्रिया को ही बहुत ही अपारदर्शी तरीके से अंजाम दिया जा रहा है। स्थापित नियमों के अनुसार, ऐसी परियोजनाओं में पात्रता सर्वेक्षण प्रक्रिया सरकारी एजेंसियों (भूमि-स्वामित्व वाली सरकारी एजेंसियों) द्वारा की जाती है, लेकिन यहां निजी हितधारकों ने डीआरपी के लिए सर्वेक्षण किया।

## हमारी बात

### उन्हीं आंकड़ों से अंदर

**आर्थिक वृद्धि में सबसे बड़ा योगदान वित्तीय सेवाओं और कंस्ट्रक्शन का रहा। कंस्ट्रक्शन का 8.4 प्रतिशत रहा, जो 12 साल में सबसे ऊंचा है। वित्तीय सेवाओं का योगदान 21.7 प्रतिशत रहा। मगर मैनुफैक्चरिंग और शहरी उपभोग की स्थिति चिंताजनक बनी रही।**

सकल घरेलू उत्पाद के 2024-25 की अंतिम तिमाही- और उसके साथ ही स्पष्ट हुए पूरे वित वर्ष के आंकड़ों को लेकर मोटे तौर पर दो तरह की सुर्खियां बनीं। एक यह कि चौथी तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर अपेक्षा से बेहतर रही। दूसरी यह कि आर्थिक वृद्धि की दर गिरी। वैसे एक सुर्खी यह भी बनी कि कोरोना महामारी के बाद गुजरे वित्त वर्ष में सबसे निम्न वृद्धि दर दर्ज हुई। तो चौथी तिमाही के लिए वृद्धि का आंकड़ा 7.4 प्रतिशत और पूरे वर्ष के लिए 6.5 प्रतिशत है। इन आंकड़ों के साथ भी भारत दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ रही अर्थव्यवस्था बना हुआ है। मगर अब दूसरी हकीकतों पर गौर करें। मसलन, जो वृद्धि दर्ज हुई, वह कहां से आई? इसमें सबसे बड़ा योगदान वित्तीय सेवाओं और कंस्ट्रक्शन का रहा। कंस्ट्रक्शन का 8.4 प्रतिशत रहा, जो 12 साल में सबसे ऊंचा है। कंस्ट्रक्शन में मुख्य निवेश सरकारी क्षेत्र का रहा, जिस वजह से हुए निर्माण और बढ़े उपभोग ने कुल मूल्य वर्धन (जीवीए) में महत्त्वपूर्ण योगदान किया। वित्तीय सेवाओं का आर्थिक वृद्धि में योगदान 21.7 प्रतिशत रहा। कृषि क्षेत्र में 4.6 प्रतिशत की स्वस्थ वृद्धि दर दर्ज हुई। इस कारण ग्रामीण उपभोग में भी सकारात्मक रुझान देखने को मिला। मगर मैनुफैक्चरिंग और शहरी उपभोग की स्थिति चिंताजनक बनी रही। इसका बड़ा कारण निजी निवेश ना बढ़ना है। इस कारण गैर-कृषि और गैर-कंस्ट्रक्शन क्षेत्रों में रोजगार सृजन और वेतन वृद्धि की रफ्तार मद्धम बनी हुई है। दरअसल, स्थायी रोजगार की स्थिति तो बदतर होती जा रही है। ऐसे में निजी घरेलू उपभोग के बढ़ने की स्थितियां नकारात्मक बनी हुई हैं। ये समस्या दीर्घकालिक हो चुकी है। ऐसे में आर्थिक वृद्धि दर का धीमा होना लाजिमी है। दरअसल, कोरोना के ठीक बाद के वर्षों में दिखी ऊंची वृद्धि दर का बड़ा कारण निम्न आधार पर हो रही गणना थी। अब वो सुविधा हट चुकी है। ऊपर से अब अमेरिका के टैरिफ वॉर से बन रही नई परिस्थितियों की चुनौती है। उससे उत्पादन एवं उपभोग दोनों क्षेत्रों पर खराब असर होने की आशंका है। जाहिर है, चालू वित्त वर्ष और चुनौती भरा होगा।

# पानी संघर्ष समिति ने किया कड़ेगाव प्रांताधिकारी का सम्मान

**सांगली।** तहसील कड़ेगाव के कड़ेगाव प्रांताधिकारी का पानी संघर्ष समिति की ओर से विशेष सम्मान किया गया। कराड विटा राजमार्ग पर शेष बचे कार्य की जानकारी प्राप्त कर उन्हें पूर्ण करने के लिए प्रांताधिकारी ने पूरा करने के लिए निर्देश उस के अनुसरण के कारण पूरा किया गया, जिसके लिए प्रांताधिकारी रणजीत सिंह भोसले को पानी संघर्ष समिति की ओर से सम्मानित किया गया। बैठक में टेम्बु योजना को पूरा करने पर चर्चा की गयी। कड़ेगाव वासियों के हक के लिए आवाज उठाने और न्याय दिलाने के लिए हमेशा अग्रसर रहते हैं, पानी संघर्ष समिति के सभी सदस्यों, पदाधिकारियों का काम सराहनीय है। इस अवसर पर क्रांतिसिंह नाना पाटिल के पोते एडवोकेट सुभाष पाटिल, क्रांतिसिंह नागनाथ अण्णा नायकवाड़ी के पुत्र गौरव नायकवाड़ी,



क्रांतिसिंह जी.डी. बापू लाड के पुत्र किरण तात्या लाड, पानी संघर्ष समिति के अध्यक्ष डी.एस.देशमुख, पूर्व जिला परिषद सदस्य कुंडलिक नाना एडके, पानी संघर्ष समिति के संयोजक अभिमन्यु वरुडे, सिराज पटेल, संजय तडसरे, बजरंग अडसुळ,पत्रकार संदेश जाधव, संजय सूपनेकर उपस्थित थे।

# कानपुर में जारी प्रेमियों के साथ भागने का सिलसिला, दो बच्चों की मां भी जेवर लेकर गायब

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**कानपुर।** इस महानगर में महिलाओं का अपने प्रेमियों के साथ भागने का सिलसिला लगातार जारी है, जिसके क्रम में दो बच्चों की मां भी लाखों के जेवरात लेकर अपनी प्रेमी के साथ गायब हो गई। शिकायत के बाद उसकी पुलिस तलाश कर रही है। मामला महाराजपुर थाना क्षेत्र का है। पुलिस को पीड़ित पति ने जानकारी देते हुए बताया कि उसकी शादी 12 साल पहले मामा की लड़की के साथ हुई थी। शादी के बाद से सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था। वह एक प्राइवेट फैक्ट्री में नौकरी करके अपना तथा अपनी दो बेटी 08 वर्षीय बेटी तथा 03 वर्षीय बेटी का भरण पोषण करता है। पति के मुताबिक रोजाना की भांति सुबह वह फैक्ट्री में काम करने गया हुआ था। इसके बाद ही उसकी पत्नी जेवरात आदि लेकर लगभग प्रेमी के साथ भाग गई। कुछ नहीं बताया कि उसने तीन दिन पहले पत्नी को प्रेमी से फोन पर बात करते पकड़ा था। इसके बाद उसने पत्नी का तो फोन अपने पास रख लिया था। पुलिस ने बताया कि प्रेमी के साथ लापता महिला की तलाश की जा रही है। याद रहे की प्रेमी के साथ किसी महिला के भागने का यह मामला पहला नहीं है। बीते 3 साल के अंदर दर्जनों लड़कियां अपने प्रेमियों के साथ भाग चुकी है जिसमें कई मामलों की रिपोर्ट पुलिस में आज तक दर्ज ही नहीं कराई गई।

# रक्षा परियोजनाओं में भी यदि देरी तो क्या अर्थ?


**एचएएल के भीतर लोग अपने-अपने साइलो में काम करते हैं, जिससे समग्र तस्वीर पर ध्यान नहीं दिया जाता। यह संगठनात्मक अक्षमता और समन्वय में कमी का संकेत है। सिंह ने इस बात पर भी जोर दिया कि कई बार कॉन्ट्रैक्ट साइन करते समय ही यह स्पष्ट होता है कि समय सीमा अवास्तविक है। फिर भी, कॉन्ट्रैक्ट साइन कर लिए जाते हैं, जिससे प्रक्रिया शुरू से ही खराब हो जाती है।**

भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने 29 मई 2025 को नई दिल्ली में आयोजित एक सभा में रक्षा परियोजनाओं में देरी को लेकर एक गंभीर, महत्वपूर्ण बात कही। उन्होंने कहा, "टाइमलाइन एक बड़ा मुद्दा है। मेरे विचार में एक भी परियोजना ऐसी नहीं है जो समय पर पूरी हुई हो। कई बार हम कॉन्ट्रैक्ट साइन करते समय जानते हैं कि यह सिस्टम समय पर नहीं आएगा। फिर भी हम कॉन्ट्रैक्ट साइन कर लेते हैं।" यह बयान न केवल रक्षा क्षेत्र में मौजूदा चुनौतियों को उजागर करता है, बल्कि भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में चल रही प्रक्रिया पर भी सवाल उठाता है। एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने अपने बयान में विशेष रूप से हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा तेजस Mk1A फाइटर जेट की डिलीवरी में देरी का उल्लेख किया। यह देरी 2021 में हस्ताक्षरित 48,000 करोड़ रुपये के कॉन्ट्रैक्ट का हिस्सा है, जिसमें 83 तेजस Mk1A जेट्स की डिलीवरी मार्च 2024 से शुरू होनी थी, लेकिन अभी तक एक भी विमान डिलीवर नहीं हुआ है। इसके अलावा, उन्होंने तेजस Mk2 और उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (AMCA) जैसे अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स में भी प्रोटोटाइप की कमी और देरी का जिक्र किया। यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ रहा है, विशेष रूप से ऑपरेशन सिंदूर को जीत करार देने के साथ। वायुसेना प्रमुख के बयान का महत्व इसलिए भी है क्योंकि इससे रक्षा क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही की आवश्यकता रेखांकित होती है। यह पहली बार नहीं है जब एचएएल की आलोचना हुई है। फरवरी 2025 में, एयरो इंडिया 2025 के दौरान, एयर चीफ मार्शल सिंह ने एचएएल के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा था, "मुझे एचएएल पर भरोसा नहीं है, जो बहुत गलत बात है।" यह बयान एक अनौपचारिक बातचीत में रिकॉर्ड हुआ था, लेकिन इसने रक्षा उद्योग में गहरे मुद्दों को उजागर किया। रक्षा परियोजनाओं में देरी के कई कारण हैं, जिनमें से कुछ संरचनात्मक और कुछ प्रबंधन से संबंधित हैं। तेजस Mk1A की डिलीवरी में देरी का एक प्रमुख कारण जनरल इलेक्ट्रिक से इंजनों की धीमी आपूर्ति है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में समस्याएं, विशेष रूप से 1998 के परमाणु परीक्षणों के बाद भारत पर लगे प्रतिबंधों ने एचएएल की उत्पादन क्षमता को प्रभावित किया है। सिंह ने एचएएल को "मिशन मोड" में न होने के लिए आलोचना की। उन्होंने कहा कि एचएएल के भीतर लोग अपने-अपने साइलो में काम करते हैं, जिससे समग्र तस्वीर पर ध्यान नहीं दिया जाता। यह संगठनात्मक अक्षमता और समन्वय में कमी का संकेत है। सिंह ने इस बात पर भी जोर दिया कि कई बार कॉन्ट्रैक्ट साइन करते समय ही यह स्पष्ट होता है कि समय सीमा अवास्तविक है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर,
एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# करण जौहर की 'त्यानी ज्वेलरी' के नए कैंपेन में शेफाली शाह बनीं ब्रांड एम्बेसडर

**मुंबई।** भारत के प्रमुख ज्वेलरी ब्रांड्स में से एक त्यानी ज्वेलरी बाय करण जोहर ने अपने नए ब्रांड कैंपेन फोर्सेस ऑफ त्यानी का अनावरण किया है। इस कैंपेन के तहत प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री शेफाली शाह को इस सीरीज की पहली ब्रांड एम्बेसडर के रूप में पेश किया गया है। यह कैंपेन कंपनी के लिए एक नया और आत्मविश्वास से भरा अध्याय शुरू कर रहा है। इस अभियान में 10 से अधिक अलग-अलग और विशिष्ट व्यक्तित्वों को ब्रांड एम्बेसडर के रूप में शामिल किया जाएगा। त्यानी ज्वेलरी बाय करण जोहर ऐसे कलाकारों को एक मंच पर लाने जा रहा है, जिन्होंने सफलता की परिभाषा खुद के तरीके से गढ़ी है। हर हफ्ते एक नया चेहरा पेश किया जाएगा और यह अभियान अगले कुछ महीनों तक विभिन्न प्लेटफॉर्म पर आगे बढ़ेगा।




फोर्सेस ऑफ त्यानी का पहला लुक शेफाली शाह की दमदार और प्रभावशाली उपस्थिति के साथ सामने आया है। उनके व्यक्तित्व की चमक और आत्मविश्वास को प्रभावशाली स्टोरीटेलिंग के माध्यम से दर्शाया गया है, जो महिलाओं को अपनी शक्ति निडरता से स्वीकारने और व्यक्त करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने जो क्लासिक त्यानी नेकलेस पहना है—वह सोने में जड़ा हुआ है, कीमती रत्नों से सजा हुआ है, कट और अनकट डायमंड्स से तैयार है—यह एक उत्कृष्ट ज्वेलरी की अभिव्यक्ति है, जो हर महिला की जीवनगति, कहानी और आत्मा से जुड़ती है। यह कैंपेन इंडिविजुअलिटी को लक्जरी का सबसे दुर्लभ रूप मानते हुए उसका उत्सव मनाता है, और उन सभी महिलाओं को दर्शाता है जो अपनी अनोखी शक्ति को गर्व से ढूंढती हैं और पहनती हैं। करण जौहर, संस्थापक, त्यानी ज्वेलरी इस कैंपेन को लेकर कहा, हम इस नए अध्याय को लेकर बेहद उत्साहित हैं। फोर्सेस ऑफ त्यानी हमारे ब्रांड फि लासोफी के केंद्र में है—लक्जरी को एकरूपता या स्टेटस से नहीं, बल्कि इंडिविजुअलिटी के जश्न से पुनर्परिभाषित किया जाना चाहिए। इस कैंपेन के मूल में शक्ति, प्रामाणिकता और इनोवेशन हैं—यही वो स्तंभ हैं, जिन पर त्यानी खड़ा है। शेफाली का त्यानी परिवार में स्वागत करना हमारे लिए गर्व और आनंद का क्षण है। रियल वुमेन, रियल स्टोरीज, रियल ज्वेलरी की विचारधारा को जीवन में उतारते हुए, फोर्सेस ऑफ त्यानी सिर्फ एक कैंपेन नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक आंदोलन है। हर ज्वेलरी का टुकड़ा एक व्यक्तिगत प्रतीक बन जाता है, जो क्राफ्टमैनशिप, इरादा और प्रामाणिकता से जुड़ा होता है—यह केवल बाहरी चमक पर नहीं, बल्कि भीतरी सुंदरता के उत्सव पर केंद्रित है। करण जौहर की त्यानी ज्वेलरी फिलहाल भारत के सात शहरों में मौजूद है—दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे, लखनऊ और चंडीगढ़। ब्रांड 8 जून को अहमदाबाद में अपना पहला स्टोर खोलने जा रहा है। ग्राहक tyaani.com पर ऑनलाइन खरीदारी भी कर सकते हैं।

# आयुषी ने जीता रजत पदक

**ठाणे।** कोल्हापुर में कुराश एसोसिएशन महाराष्ट्र राज्य की ओर से दिवा शहर की आयुषी अश्विनी अमोल केंद्र ने 29 और 30 मई 2024 को आयोजित सब जूनियर स्टेट कुराश चैंपियनशिप 2024-2025 में ठाणे जिले का प्रतिनिधित्व किया। पहली बार भाग ले रही आयुषी अश्विनी अमोल केंद्र ने असाधारण प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। इस सफलता के बारे में आयुषी और उनके कोच, मुंबई डिवीजन हेड और कोच आकाश जाधव को हार्दिक बधाई। आकाश के मार्गदर्शन में




आयुषी ने इससे पहले 2023 और 2024 में जिला स्तरीय और राज्य स्तरीय खेलो इंडिया अस्मिता महिला प्रतियोगिता में लगातार दो स्वर्ण पदक जीते थे। इस वर्ष आयुषी ने पहली बार उज्बेकिस्तान के पारंपरिक खेल कुराश में भाग लिया और सीमित तैयारी के बावजूद, उन्होंने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। ठाणे जिले के अन्य एथलीटों ने भी शानदार प्रदर्शन किया: उदयन घोरपड़े-स्वर्ण पदक, राजवीर देशमुख-स्वर्ण पदक, आयुष केंद्र-रजत पदक, स्वरा गायकवाड-रजत पदक।

# जब मिल जाए आपका 'सच्चा प्यार', तो उसे खास बनाएं प्लैटिनम लव बैंड्स - द वेडिंग एडिशन के साथ

## *एक अनमोल धातु और एक बेशकीमती प्यार का मिलन हैं - 2025 की गर्मियों में शादी के सीजन के लिए तैयार किए गए ये कमिटमेंट बैंड्स*

**मुंबई।** गर्मियों में वेडिंग सीजन का उत्साह बढ़ाने के लिए, प्लैटिनम लव बैंड्स पेश करता है द वेडिंग एडिशन। एक खास कलेक्शन जो सच्चे प्यार की कहानी को खास बनाने के लिए तैयार किया गया है। इस कलेक्शन की सोच यह है कि सच्चा कमिटमेंट तभी आता है, जब दिल और दिमाग दोनों तैयार हों। ये प्लैटिनम बैंड्स सिर्फ एक निशानी नहीं हैं, ये एक वादा हैं, जो जिंदगी भर निभाया जाता है। 95% शुद्ध प्लैटिनम से बने प्लैटिनम लव बैंड उस प्यार की




भावना को दिखाते हैं जो लाखों में एक है, बेहद खास और समय से परे। चाहे ये बैंड्स सितारों भरी रात में पहने जाएं या शादी की धूमधाम के बीच पहने जाएं, ये उन कपल्स के लिए बिल्कुल सही हैं जो अपने रिश्ते में गहराई चाहते हैं। ऐसे रिश्ते की निशानी जो आपसी सम्मान, अपनी पहचान और एक अनमोल प्यार पर टिका हो। चाहे आप अपनी शादी को धूमधाम से मनाने की सोच रहे हों या फिर सादगी से, प्लैटिनम लव बैंड 'द वेडिंग एडिशन' आपको खास अंदाज में अपने रिश्ते को हमेशा के लिए जोड़ने का मौका देता है।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### थाईलैंड से मुंबई आए यात्री के बैग में मिले 47 जहरीले सांप

बाताया जा रहा है कि जिस यात्री से जहरिले सांप बरामद हुए वो थाईलैंड गया था। उसने भारत आने के लिए बैंकांक से फ्लाइट ली थी। यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार, छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक भारतीय यात्री के पास 47 जहरीले सांप और 5 कछुए मिले। अधिकारियों ने बताया कि उन्हें रात में एक यात्री पर संदेह हुआ, जिसके बाद उन्होंने उसे रोका। जब उसके बैग की चेकिंग की गई तो बैग में 47 बेहद जहरीले वाइपर सांप और 5 कछुए मिले। अधिकारियों ने बताया कि रॉ (वन्यजीव कल्याण के लिए रेसक्विंक एसोसिएशन) की एक टीम ने इन सांपों और कछुओं की प्रजातियों की पहचान करने में सहायता की। अब वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन एक्ट के तहत इन सांपों और कछुओं को वापस उस देश भेजा जाएगा। सुरक्षा एजेंसियों ने यात्री के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। यात्री के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई हो रही है। अधिकारियों के अनुसार, यात्री के चेक इन बैग से मिले सांपों और कछुओं में तीन स्पाइडर टेल्ड हॉर्न्ड वाइपर, पांच एशियन लीफ टर्टल और 44 इंडोनेशियन पिट वाइपर शामिल थे। भारत में विभिन्न वन्यजीव संरक्षण कानूनों के तहत इनको जब्त किया गया है। ये जीव भारत में अलग-अलग वन्यजीव संरक्षण कानूनों के तहत प्रतिबंधित किए गए हैं। अधिकारियों ने ये नहीं बताया कि ये जीव कहां से लाए गए थे। बता दें कि भारत में सरंक्षित या संकटग्रस्त प्रजातियों का आयात प्रतिबंधित किया गया है। सीमा शुल्क अधिकारियों ने एक डिश में छटपटाते रंग-बिरंगे सांपों की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी की हैं।

### टीवी अभिनेता विभु राघव का निधन

उनके निधन की पुष्टि उनके करीबी दोस्त और टीवी इंडस्ट्री के कलाकारों सिंपल कौल, कावेरी प्रियम और करणवीर मेहरा ने की। करणवीर ने एक भावुक पोस्ट के जरिए उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, तू चला गया दोस्त, लेकिन तेरी मुस्कान हमेशा याद रहेगी। कैंसर की गंभीर स्थिति के कारण विभु लंबे समय से किसी नए प्रोजेक्ट से जुड़ नहीं पाए थे, जिससे उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ा। उनके दोस्तों और सहकर्मियों ने सोशल मीडिया के माध्यम से इलाज के लिए आर्थिक मदद की अपील भी की थी। विभु की जिंदादिली और साहस को सभी ने सराहा। विभु ने निशा और उसके कजिन्स, सावधान इंडिया जैसे टीवी शोज में बेहतरीन अभिनय से पहचान बनाई। वे सौम्या टंडन, अनेरी वजानी, और सिंपल कौल जैसे सितारों के बेहद करीबी दोस्त थे। इंडस्ट्री में उनके काम और व्यवहार की सभी तारीफ करते थे।विभु की दोस्त सिंपल कौल ने उनकी तस्वीर के साथ एक इमोशनल इंस्टाग्राम स्टोरी साझा की और लिखा कि भारी मन से बता रहे हैं कि हमारा प्यारा दोस्त विभु अब हमारे बीच नहीं रहा। कृपया उसकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करें। ओम नमः शिवाय। टीवी इंडस्ट्री ने एक होनहार और जिंदादिल कलाकार को खो दिया है। उनके अभिनय और जिंदादिली की यादें हमेशा उनके फैंस और दोस्तों के दिलों में जिंदा रहेंगी।

### अकोला में कांग्रेस नेता के भाई की हत्या

महेंद्र पवार एक सजायाफ्ता अपराधी है जो एक मामले में जेल में बंद था। वह फिलहाल जमानत पर बाहर था। उसने संजय कौशल के सीने और सिर पर लोहे की रॉड से कई वार किये, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। इस बीच चर्चा है कि हत्या पुराने विवाद को लेकर की गई है। पुलिस ने आरोपी महेंद्र पवार को गिरफ्तार कर लिया है।संजय कौशल अकोला से वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय कौशल के छोटे भाई हैं। महेंद्र पवार का कई मामलों में आपराधिक इतिहास रहा है। महेंद्र पवार ने इसके पहले भी एक व्यक्ति पर हमला किया था। उस मामले में वह जमानत पर रिहा हुआ था। आरोपी महेंद्र पवार और मृतक संजय कौशल रणपिसे नगर के मुरलीधर टावर में रहते हैं। हत्या पुराने विवाद को लेकर की गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घटना कीस जांच शुरू की।

### धारावी मास्टर प्लान पर लगेगी रोक!

गायकवाड़ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, धारावी के लोग इस विध्वंस मॉडल की पोल खोलेंगे। यह विकास नहीं, बल्कि एक सुनियोजित बड़ा घोटाला है। यह भारत के शहरी इतिहास में सबसे अन्यायपूर्ण विस्थापन मास्टर प्लान है। उन्होंने दावा किया कि सरकार ने अधिकतर निवासियों के विरोध को नजरअंदाज कर दिया और सार्वजनिक संवाद, चर्चा एवं भागीदारी के सभी विकल्पों को खारिज कर दिया। कांग्रेस नेता ने पूछा, यह परियोजना, जो धारावी के लाखों निवासियों के भाग्य का निर्धारण करेगी, बिना किसी सार्वजनिक परामर्श या परियोजना-प्रभावित लोगों को विश्वास में लिए कैसे स्वीकृत की जा सकती है? उन्होंने कहा कि विकास योजना के मसौदे पर जनता के सुझाव और आपत्तियां लेना एमआरटीपी (एकाधिकार और प्रतिबंधात्मक व्यापार व्यवहार) अधिनियम के तहत एक अनिवार्य प्रक्रिया है।

# दोनों देशों के नेताओं के बीच हुई शांति वार्ता, जेलेंस्की बोले- बिना शर्त संघर्षविराम का प्रस्ताव दिया

यूक्रेन के राष्ट्रपति यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने शांति वार्ता पर अपना प्रस्ताव किसी के साथ साझा नहीं किया है। उनके प्रस्ताव का दस्तावेज़ हमारे, तुर्की या अमेरिकी पक्ष के पास भी नहीं है। रूस का दस्तावेज नहीं होने के बावजूद, वह शांति की दिशा में बढ़ने की कोशिश करेगा।


**1** *वार्ता का उद्देश्य दीर्घकालिक शांति के लिए एक रोडमैप पेश करना*

**2** *शुरुआत में 30 दिनों का युद्धविराम कैदियों की अदला-बदली का प्रस्ताव*

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

तीन साल से जारी जंग और रूस की धरती पर यूक्रेनी ड्रोन हमलों के बीच शांति की नई कोशिश को एक नया मौका मिल रहा है। यूक्रेन और रूस के प्रतिनिधि सोमवार को इस्तांबुल में आमने-सामने बैठें। यह बातचीत ऐसे समय पर हो रही है जब रविवार को यूक्रने ने रूस के भीतर कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर अब तक के सबसे बड़े ड्रोन हमले किए गए हैं।

कम से कम 40 रूसी विमानों को तबाह कर दिया गया। सिर्फ यूक्रेन ही नहीं, रूस ने भी यूक्रेन पर अपने अब तक के सबसे बड़े ड्रोन हमले किए हैं, जिनमें 340 से ज़्यादा नागरिक मारे गए। वार्ता का उद्देश्य दीर्घकालिक शांति के लिए एक रोडमैप पेश करना है, जिसमें शुरुआत के तौर पर 30 दिनों का युद्धविराम, कैदियों की अदला-बदली, और रूसी कब्जे वाले क्षेत्रों से यूक्रेनी बच्चों की वापसी शामिल है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस वार्ता से कुछ खास प्रगति की उम्मीद नजर नहीं आ रही। हालांकि, इस प्रस्ताव के अगले चरण में राष्ट्रपति जेलेंस्की और राष्ट्रपति पुतिन की सीधी बैठक का भी प्रस्ताव है। यूक्रेन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता हेओरही ताइखयी ने बताया कि रक्षा मंत्री रुस्तेम उमेरोव ने प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। वहीं, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सहयोगी व्लादिमीर मेंजिस्की ने रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।



**यूक्रेन से मिले जख्मों को भूल पुतिन ने तुर्की भेजी टीम**

## एजेंडा स्पष्ट हो तभी वार्ता सार्थक रहेगी

जेलेंस्की ने साफ़ किया है कि बिना स्पष्ट एजेंडे और गंभीर तैयारी के ऐसी बैठकें महज़ दिखावा हैं। उन्होंने तुर्की के विदेश मंत्री और राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोआन के साथ इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की। जेलेंस्की का आरोप है कि रूस अब तक सीज़फायर की अपनी शर्तें पेश करने में विफल रहा है, जबकि यूक्रेन ने पिछले हफ्ते ही अपना प्रस्ताव सौंप दिया था। उन्होंने रूस की चुप्पी को 'एक और धोखा' बताया।

### यूक्रेन ने रूस को तर्कसंगत-यथार्थवादी प्रस्ताव भेजा

*जेलेंस्की ने कहा कि हम अभी भी पूर्ण और बिना शर्त संघर्षविराम (सीजफायर) का प्रस्ताव दे रहे हैं। ऐसे सभी तार्किक और सम्मानजनक कदमों की पेशकश भी कर रहे हैं। इससे एक स्थायी और विश्वसनीय शांति की ओर बढ़ा जा सकता है। रूस को हमने जो प्रस्ताव भेजा है वह तर्कसंगत और यथार्थवादी है। रूस ने शांति वार्ता पर अपना प्रस्ताव किसी के साथ साझा नहीं किया है। उनके प्रस्ताव का दस्तावेज़ हमारे, तुर्की या अमेरिकी पक्ष के पास भी नहीं है। रूस का दस्तावेज नहीं होने के बावजूद, वह शांति की दिशा में बढ़ने की कोशिश करेगा।*

### रूस को युद्ध में भारी नुकसान तभी पुतिन राजी

*जेलेंस्की बोले बड़े पैमाने पर रूसी विमान नष्ट किए गए हैं, जिससे रूस को बातचीत की मेज पर आने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। रूस को यह समझ में आ जाएगा कि उसे युद्ध में भारी नुकसान हो रहा है, तभी वह शांति और समझौते की तरफ बढ़ेगा। यही बात उसे कूटनीति की ओर धकेलेगी। उन्होंने कहा कि शांति की शुरुआत सीजफायर, मानवीय मदद, कैदियों की रिहाई और अगवा किए गए बच्चों की वापसी से होनी चाहिए। अगर रूस इन बातों को नकार देता है तो अधिक प्रतिबंध लगाएं।*

## दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच हैदराबाद हाउस में हुई प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक का निष्कर्ष

# आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं भारत-पैराग्वे

भारत-पैराग्वे के बीच संयुक्त आयोग तंत्र की स्थापना के लिए एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

पाकिस्तान के साथ जारी तनाव के बीच सोमवार को भारत और दक्षिण अमेरिकी देश पैराग्वे के राष्ट्राध्यक्षों के बीच राजधानी स्थित हैदराबाद हाउस में एक महत्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों ने आतंकवाद के खिलाफ जंग में एक दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने का ऐलान किया। भारत के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया।

जबकि पैराग्वे की तरफ से राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासिओस ने अपने देश के विस्तृत प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई की। जिसमें वरिष्ठ मंत्री, सरकारी अधिकारी और व्यापार जगत के लोग शामिल हुए। यह दूसरा मौका है जब पैराग्वे के राष्ट्रपति भारत की यात्रा पर हैं। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर दी।



### साइबर-संगठित अपराध से लड़ने के लिए तैयार

*बैठक के दौरान दिए अपने शुरुआती वक्तव्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां एक ओर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोनों देशों के एक साथ खड़े होने की बात कही। वहीं, साइबर और संगठित अपराध से लेकर मादक पदार्थों की तस्करी जैसी साझा चुनौतियों से लड़ने के लिए सहयोग की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला। एक्स पर पोस्ट में इस इस बैठक की कुछ तस्वीरें साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने लिखा, दिल्ली में पैराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना के साथ एक सार्थक बैठक हुई।*

### जेसीएम को लेकर हुआ एमओयू

*पैराग्वे के राष्ट्रपति भारत की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। नई दिल्ली पहुंचने पर उन्हें पालम हवाई अड्डे पर गार्ड ऑफ ऑर्नर का सम्मान दिया गया, विदेश राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने उनके साथ शिष्टाचार मुलाकात की और उसके बाद राष्ट्रपति पेना ने राजघाट पर महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। पैराग्वे का प्रतिनिधिमंडल मुंबई की यात्रा भी करेगा। विदेश मंत्री ने एक्स पोस्ट में बताया कि पैराग्वे के राष्ट्रपति से मिलकर प्रसन्नता हुई। कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए उनकी सकारात्मक भावनाओं और मार्गदर्शन की सराहना करता हूं। पीएम मोदी के साथ उनकी बातचीत पैराग्वे व दक्षिण अमेरिकी क्षेत्र के साथ भारत के जुड़ाव के नए मार्ग प्रशस्त करेगी। एक अन्य पोस्ट में जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच संयुक्त आयोग तंत्र (जेसीएम) की स्थापना के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह हमारी वार्ता और सहयोग को व्यापक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।*

### संबंधों में जुड़ेंगे नए आयाम

*पीएम मोदी ने अपने वक्तव्य में ये भी कहा कि दोनों देशों वैश्विक दक्षिण के भी मजबूत अंग हैं। हमारी आशाओं, आकांक्षाओं और चुनौतियों में भी समानता है। इसी वजह से हम एक-दूसरे के अनुभवों से सीखते हुए इनसे कारगर ढंग से निपट सकते हैं। प्रधानमंत्री ने दोनों देशों की तरफ से संतोष जताते हुए कहा कि कोरोना महामारी के दौरान हम भारत में बनी वैक्सीन पैराग्वे के लोगों के साथ साझा कर सके। उन्होंने ऐसी और संभावनाओं को आपस में साझा करने की उम्मीद जताई। साथ ही कहा कि आपकी यात्रा से आपसी संबंधों से जुड़े विश्वास, व्यापार और करीबी सहयोग के स्तंभों को नई मजबूती मिलेगी। भारत और पैराग्वे के संबंधों में नए आयाम भी जुड़ेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते वर्ष मैंने गयाना में कैरीकॉम सम्मेलन में भाग लिया था। इस दौरान हमने कई विषयों पर सहयोग बढ़ाने को लेकर चर्चा की थी। मैं समझता हूं कि हम उन सभी क्षेत्रों में पैराग्वे और सभी लैटिन अमेरिकी देशों के साथ मिलकर काम कर सकते हैं।*


## कठुआ में फिर दिखे 3 संदिग्ध आतंकी

# सुरक्षा बलों ने शुरू किया सर्च ऑपरेशन हीरानगर इलाके में बढ़ाई और सतर्कता

मुंबई हलचल / जम्मू

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सोमवार को फिर तीन संदिग्ध आतंकी देखे गए हैं। इसके बाद सुरक्षा बलों ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया है, जो अभी जारी है। सुरक्षाबलों के अधिकारियों ने बताया कि कठुआ के हीरानगर इलाके में एक नागरिक द्वारा तीन संदिग्ध लोगों को देखे जाने के बाद नजदीक के वन क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया गया है।

उन्होंने कहा कि इस तलाशी अभियान में एक संयुक्त अभियान दल लगा हुआ है, जिसमें सेना और राज्य पुलिस बल के जवान शामिल हैं। आतंकियों की धरपकड़ के लिए सुरक्षा बलों ने हीरानगर इलाके और उससे जुड़े राजमार्ग पर सतर्कता बढ़ा दी है। पुलिस के मुताबिक, पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से सुरक्षा बलों की टीम चौकन्ना है। जब भी कहीं संदिग्ध आतंकी देखे जाने की सूचना मिलती है, तो तुरंत सर्च ऑपरेशन चलाया जाता है। इसमें लोकल पुलिस की टीम भी साथ रहती है।



बता दें कि जम्मू-कश्मीर में फिलहाल भारतीय सेना, पुलिस और सीआरपीएफ द्वारा कई क्षेत्रों में आतंकवाद विरोधी सर्च ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं। इनमें कठुआ, किश्तवाड़ और सम्बा के जंगली इलाकों पर विशेष तौर पर फोकस किया जा रहा है। कठुआ के लोवांग और सरथल जैसे क्षेत्रों में संदिग्ध आतंकी गतिविधियों की सूचना के बाद 27 मई 2025 से ही संयुक्त अभियान चल रहा है।

## संबंध बना लो, प्रोफेसर बना दूंगा; पूर्व छात्रा ने गोपनीय लेटर में खोले कॉलेज टीचर के राज



**अलीगढ़।** अलीगढ़ के एक कॉलेज के एक सहायक प्रोफेसर के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। उसके मोबाइल फोन में पूर्व छात्रा से चैट मिली हैं। इसमें पता चला है कि वह लंबी बातें करता था। मुकदमे में लगे आरोपों में कई बातें पुष्ट भी हुई हैं। इसके अलावा उसने कई मैसेज भेजने के बाद डिलीट भी किए हैं। वहीं, पुलिस छात्रा के बयान दर्ज कराने की तैयारी में है। पूर्व छात्रा ने सहायक प्राध्यापक द्वारा यौन उत्पीड़न, मानसिक शोषण और धमकी के संबंध में एसपी सिटी को गोपनीय पत्र दिया था। इसमें कहा था कि अंग्रेजी विभाग में सहायक प्रोफेसर ने उसे कई अश्लील मैसेज भेजे। पूर्व छात्रा ने यह भी आरोप लगाया कि प्रोफेसर ने उसे भी प्रोफेसर बनाने की बात कहकर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डाला था। वह उसे सिलविया कहकर बुलाता था। व्हाट्सएप स्टेटस पर आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं। अश्लील तस्वीरें मांगीं। छात्रा ने विरोध किया, मगर वह नहीं माना। व्हाट्सएप ऑडियो कॉल करता। कहता कि मैं तुमसे बेहद प्यार करता हूं। तुम्हें प्रोफेसर बना दूंगा।
शारीरिक संबंध बनाने और उसका धर्म अपनाने का दबाव बनाया। पूर्व छात्रा का आरोप था कि वह अमेरिका की प्रसिद्ध कवयित्री और लेखिका सिलविया कहकर बुलाते और उस संदर्भ में अश्लील अर्थ और कल्पनाएं जोड़ते थे। इस शिकायत पर पुलिस ने अपनी ओर से मुकदमा दर्ज किया। पूर्व छात्रा के मोबाइल की तकनीकी जांच में सामने आया है कि प्रोफेसर ने पूर्व छात्रा को सेल्विया कहकर मैसेज किए। लंबी बातें कीं। सीओ द्वितीय राजीव द्विवेदी ने बताया कि प्रोफेसर के मोबाइल फोन और लैपटॉप जब्त किए गए थे। चैट्स को खंगाला जा रहा है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। दूसरी तरफ छात्रा अभी बयान देने को तैयार नहीं है। अगर वह बयान देना चाहती है तो उसी आधार पर जांच आगे बढ़ाई जाएगी।

## सूची में शीर्ष आठ स्थानों पर अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियां

# सर्वाधिक मूल्यवान वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों की सूची में रिलायंस एकमात्र भारतीय कंपनी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

जाने-माने उद्योगपति मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के लिहाज से शीर्ष 30 वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों की सूची में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय कंपनी है। 'ट्रेंड्स -आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में यह कहा गया है।

इसमें वैश्विक स्तर पर कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकियों को तेजी से अपनाने और परिवर्तनकारी प्रभाव पर विस्तार से अध्ययन किया गया है। रिपोर्ट में बाजार पूंजीकरण के आधार पर वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों की सूची दी गई है।

सूची में शीर्ष आठ स्थानों पर अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियां... माइक्रोसॉफ्ट, एनवीडिया, एप्पल, अमेजन, अल्फाबेट, मेटा प्लेटफॉर्म, टेस्ला और ब्रॉडकॉम काबिज हैं। ताइवान की टीएसएमसी नौवें जबकि चीन की टेनसेंट 10वें स्थान पर है। सूची के अनुसार, 216 अरब डॉलर के बाजार मूल्यांकन के साथ रिलायंस 23वें स्थान पर है।

- शीर्ष पर माइक्रोसॉफ्ट, एनवीडिया, एप्पल, अमेजन, अल्फाबेट शामिल
- ताइवान की टीएसएमसी नौवें, चीन की टेनसेंट 10वें स्थान पर
- रिलायंस 216 अरब डॉलर बाजार मूल्यांकन के साथ 23वें स्थान पर




### सूची में चीन की तीन व जर्मनी की दो कंपनियां शामिल

रिपोर्ट के अनुसार, "2025 में, सूची में शामिल नये देशों में चीन की तीन, जर्मनी की दो, ताइवान के साथ, नीदरलैंड, दक्षिण कोरिया और भारत की एक-एक कंपनियां इसमें हैं। सूची में ताइवान की केवल एक कंपनी...टीएसएमसी शामिल है। यह कंपनी विश्व के सर्वाधिक उन्नत सेमीकंडक्टर का 80 से 90 प्रतिशत तथा वैश्विक सेमीकंडक्टर का 62 प्रतिशत उत्पादन करती है।

### पिछले 30 साल में पांच कंपनियां सबसे मूल्यवान बनी

रिपोर्ट कहती है, "पिछले 30 साल (1995-2025) में, केवल पांच कंपनियां...माइक्रोसॉफ्ट, ऑरैकल, सिस्को, आईबीएम और एटीएंडटी... शीर्ष 30 सबसे अधिक मूल्यवान सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों में शामिल रही हैं।

### वर्ष 1995 में अमेरिका की हिस्सेदारी 53 फीसदी थी

रिपोर्ट में कहा गया, "इसमें रिलायंस को एनवीडिया, एप्पल, अमेजन, अल्फाबेट, मेटा, टेस्ला, अलीबाबा, सेल्सफोर्स और चाइना मोबाइल जैसी नई कंपनियों के साथ रखा गया है। इसके अनुसार, "दुनिया में 1995 में सबसे मूल्यवान तकनीकी कंपनियों में अमेरिका की हिस्सेदारी 53 प्रतिशत (30 में से 16) और 2025 में 70 प्रतिशत (30 में से 21) थी।

### भारत में सबसे ज्यादा चैटजीपीटी ऐप उपयोगकर्ता

रिपोर्ट के अनुसार, भारत में दुनिया में सबसे ज्यादा चैटजीपीटी मोबाइल ऐप उपयोगकर्ता हैं। ओपन एआई द्वारा विकसित कृत्रिम मेधा (एआई)-संचालित चैटबॉट के मासिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं में से 13.5 प्रतिशत भारत में हैं। इस मामले में अमेरिका (8.9 प्रतिशत), इंडोनेशिया (5.7 प्रतिशत) और ब्राजील (5.4 प्रतिशत) से भारत आगे है।

### एआई में बहुत तेजी से बदलाव हो रहे

पाकिस्तान में तीन प्रतिशत इसके उपयोगकर्ता हैं। चीनी एआई ऐप डीपसीक के सक्रिय वैश्विक उपयोगकर्ताओं में भी भारत का हिस्सा 6.9 प्रतिशत है। इस मामले में चीन (33.9 प्रतिशत) और रूस (9.2 प्रतिशत) भारत से आगे हैं। रिपोर्ट में कहा गया, "कृत्रिम मेधा आधुनिक परिदृश्य को बहुत तेजी से बदल रही है। शोध के रूप में जो शुरू हुआ, वह उद्योगों में उभरते हुए मुख्य बुनियादी ढांचे में बदल गया है।

# शादीशुदा महिला ने पहले फंसाया फिर केस लिखाया, 2 पन्नों का सुसाइड नोट लिख युवक ने दे दी जान

**अलीगढ़।** यूपी के अलीगढ़ के बन्नादेवी थाना क्षेत्र के रघुवीरपुरी में रविवार सुबह एक युवक ने अपने घर में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। उसने एसएसपी के नाम दो पन्नों का सुसाइड नोट छोड़ा है, जिसमें लखनऊ की शादीशुदा प्रेमिका को मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया है। लिखा है कि महिला ने पहले उसे फंसाया। फिर छेड़छाड़ का झूठा मुकदमा लिखा गया। उसके पति ने फोन और रुपये भी छीन लिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रघुवीरपुरी निवासी 32 वर्षीय मनीष शर्मा पूर्व में फरीदाबाद में नौकरी करता था। कुछ दिन लखनऊ में रहकर कारोबार किया। 10 दिन पहले ही वह घर आया था। यहां घर में तयेरे भाई रहते हैं। परिजनों के अनुसार शनिवार रात को मनीष खाना खाने के बाद सो गया। रविवार सुबह परिजन उठे तो कमरे की लाइट जली थी। कमरे में झांककर देखा तो उसका शव फंदे से लटका हुआ था। जानकारी पर बन्नादेवी पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य एकत्रित किए। कमरे में एक सुसाइड नोट भी मिला। उस नोट को मनीष ने एक दोस्त को व्हाट्सएप पर भी भेजा था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हैंगिंग आया है।

**नौकरी छूटने के बाद वकालत में जाने की थी तैयारी**

मनीष के माता-पिता का देहांत हो चुकी है। बड़ा भाई नोएडा में नौकरी करता था। दोनों बहनों की भी शादी हो चुकी है। यहां पुश्तैनी मकान हैं, जिसमें दोनों भाइयों का हिस्सा है। मनीष जब यहां लौटकर आया तो उसने नौकरी छूटने की बात कही थी। उसने एलएलबी कर रखी थी। वह वकालत के पेशे में जाने की तैयारी कर रहा था।

**फरीदाबाद में सप्लीमेंट की दुकान में करता था काम**

सुसाइड नोट में मनीष ने लिखा है कि वह फरीदाबाद में सप्लीमेंट की दुकान में काम करता था। तभी लखनऊ निवासी महिला का फोन पर मैसेज आया। कहा कि आपको सिक्योरिटी की आवश्यकता है। मना करने पर उसने कहा कि आपका नंबर एक दोस्त ने दिया है। मेरा पति ध्यान नहीं रखता। अकेली बोर हो जाती हूं। कोई ऐसा दोस्त चाहिए, जो मेरा ख्याल रखे। आरोप है कि महिला ने बातों में फंसा लिया। जब मनीष दिल्ली में नौकरी कर रहा था तो महिला ने अपनी एक दोस्त के साथ परांठे का कारोबार किया। महिला के जाने के बाद उसने मनीष को बुला लिया।

**फोन पर मिल रही थीं तरह-तरह की धमकियां**

मनीष ने ईमानदारी से काम किया। लेकिन, नगर निगम ने दुकान को बंद करा दिया। इसके बाद जब मनीष अलीगढ़ लौटने लगा तो महिला के पति ने मोबाइल फोन व ढाई हजार रुपये छीन लिए। मारपीट कर बाहर निकाल दिया। इसके बाद लगातार महिला के पति की ओर से फोन पर तरह-तरह की धमकियां दी जाने लगीं।

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# हेल्थकेयर हीरोज को मिला नया मंच

## HIFAA में पहली बार डॉक्टरों के साथ नर्स, वार्ड बॉय और एम्बुलेंस ड्राइवर को भी किया गया सम्मानित








**मुंबई।** होटल सहारा स्टार में HIFAA (Healthcare Iconic Fashion and Awards) का एक ऐतिहासिक और भावनात्मक आयोजन हुआ, जहां पहली बार न केवल डॉक्टरों को, बल्कि नर्सों, वार्ड बॉय, एम्बुलेंस ड्राइवर और सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी हेल्थकेयर में उनके अद्वितीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह अनूठा विचार डॉ. बिस्वजीत मंडल का था, जिन्होंने महसूस किया कि हेल्थकेयर सिस्टम में डॉक्टरों के अलावा नर्स, वार्ड बॉय और एम्बुलेंस ड्राइवर की भूमिकाएं भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान इन फ्रंटलाइन योद्धाओं ने साहस और समर्पण के साथ सेवा दी, जिनकी सराहना लंबे समय से नहीं हुई थी। इस भव्य समारोह में सभी स्तरों के हेल्थकेयर स्टाफ को न केवल पुरस्कार दिए गए, बल्कि उन्हें रैंप वॉक का मौका भी मिला - जो उनके आत्मविश्वास और सामाजिक पहचान को बढ़ाने वाला एक प्रतीकात्मक क्षण था। मुख्य अतिथि पूर्व गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा थे, और सेलिब्रिटी अतिथियों में आशिकी फेम अभिनेता राहुल रॉय और प्रसिद्ध फिटनेस गुरु मिक्की मेहता शामिल थे। नानावटी मैक्स अस्पताल के ट्रस्टी सचिन नानावटी भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मिक्की मेहता ने कहा, हेल्थकेयर स्टाफ को ऐसे मंच पर सम्मानित करना एक नेक और प्रेरणादायक कार्य है। इस आयोजन की सफलता में पिंटू मंडल का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस कार्यक्रम में कैंसर, हृदय रोग और प्रदूषण जैसे मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के लिए चर्चाएं भी हुईं।

उपस्थित प्रमुख डॉक्टरों में शामिल थे - डॉ. राहुल बाजपेयी, डॉ. रमाकांत देशपांडे, डॉ. संतोष पांडे, डॉ. शंकर सावंत, डॉ. कुमुद पटेल, डॉ. प्रवीण खाले, डॉ. अली ईरानी, डॉ वचन शेट्टी और डॉ. वैदेही तमन। बाहर से आए डॉक्टरों में डॉ. सत्यजीत बोस (दुर्गापुर) और डॉ. प्रकाश शेलवन (चेन्नई) प्रमुख थे। डॉ. बिस्वजीत मंडल ने कहा, डॉक्टर मरीजों के पास थोड़े समय के लिए आते हैं, लेकिन नर्स, वार्ड बॉय और अन्य स्टाफ सबसे ज्यादा समय उनके साथ बिताते हैं। इसलिए उनका सम्मान भी उतना ही जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध अभिनेत्री, एंकर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर एकता जैन ने किया। सेलिब्रिटी गेस्ट राहुल रॉय ने कई विशिष्ट लोगों को सम्मानित किया। उनकी बहन ने मंच पर बताया कि कैसे ब्रेन स्ट्रोक के बाद डॉक्टरों ने राहुल को नई ज़िंदगी दी। वह अभी भी बोलने में थोड़ी कठिनाई महसूस करते हैं, लेकिन उनका जज्बा और डॉक्टरों की मेहनत एक मिसाल है। कार्यक्रम में कई सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया, जिनमें मियाम चैरिटेबल ट्रस्ट की नीतू जोशी, फ्लोरियन फाउंडेशन की अर्चना जैन, BMC के राजू सकट, इकबाल ममदानी, सी गार्डियन के सुनील कनोजिया, भगवान दादा, अशोक कुर्मी, भागरथी संस्था और प्रकाश गिडवानी शामिल थे। मेधा मांजरेकर ने अभिनेता-निर्देशक महेश मांजरेकर के लिए पुरस्कार प्राप्त करते हुए कहा, वे एक फाइटर हैं। उन्होंने कैंसर से लड़ाई लड़ी। मैं और मेरी बेटी सई ने उनकी देखभाल की। HIFAA सिर्फ एक अवॉर्ड फंक्शन नहीं बल्कि एक सामाजिक पहल है, जो हमें यह याद दिलाता है कि असली हीरो वे हैं जो मरीजों की निस्वार्थ सेवा करते हैं - चाहे वे डॉक्टर हों, नर्स हों या वार्ड बॉय।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर




# धनश्री वर्मा ने चहल से तलाक के बाद तोड़ी चुप्पी

**क्रिकेटर** युजवेंद्र चहल से अलग होने के बाद धनश्री वर्मा लगातार ट्रोल्स के निशाने पर रही हैं। सोशल मीडिया पर अक्सर उन्हें लेकर निगेटिव बातें कही जाती हैं, जबकि उनके एक्स–पार्टनर चहल का नाम किसी और से जोड़ा जा रहा है। इन सबके बीच धनश्री वर्मा ने अब अपनी चुप्पी तोड़ी है और पहली बार इस मामले में खुलकर बात की है। धनश्री ने बताया कि वह इन ट्रोलिंग और अफवाहों से प्रभावित नहीं होतीं। उन्होंने कहा, मेरे बारे में जो नैरेटिव फैल रहे हैं वो सच से कोसों दूर हैं। इन सब में मैं कहीं फिट नहीं बैठती। मैं जानती हूं कि मेरी परवरिश कैसी है, मेरी वैल्यूज क्या हैं और मैं किस तरह की इंसान हूं। मैंने हमेशा खुद को सम्मान के साथ पेश किया है और दूसरों को नीचा दिखाना मेरी फितरत नहीं है। धनश्री ने यह भी साफ कर दिया कि वह दूसरों को जवाब देने के बजाय अपने करियर और भविष्य पर ध्यान देना बेहतर समझती हैं। उन्होंने कहा, जीवन में ऊंचा उठने के लिए जरूरी है कि आप दूसरों को गिराने में समय न गंवाएं। मैंने कभी किसी को नीचा दिखाकर खुद को बड़ा साबित करने की कोशिश नहीं की। प्यार के सवाल पर बात करते हुए धनश्री ने कहा कि यह कोई प्लान की गई चीज नहीं होती। प्यार को आप कंट्रोल नहीं कर सकते। आप तय नहीं कर सकते कि आज या एक साल बाद आपको प्यार होगा। जब मैं डेंटिस्ट थी, तब भी मेरा फोकस क्लियर था और आज जब मैं एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में हूं, तब भी मेरा ध्यान सिर्फ अपने गोल पर है। धनश्री ने यह भी बताया कि फिलहाल उनकी प्राथमिकता सिर्फ उनका करियर है। वह जीवन में आगे क्या करना चाहती हैं, उसी पर पूरा फोकस कर रही हैं।

# सोनम कपूर बनी थीं लोगों के तानों का निशाना

**सोनम कपूर** को बॉलीवुड की फैशन क्वीन के तौर पर जाना जाता है। लेकिन इस मुकाम तक पहुंचने का उनका सफर आसान नहीं रहा। इसी बीच हाल ही में उन्होंने खुद एक इंटरव्यू में इस दर्दनाक दौर का जिक्र करते हुए अपनी मेडिकल कंडीशन और उससे मिली चुनौतियों के बारे में खुलकर बात की। साथ ही उन्होंने बताया था कि उस वक्त उनके बढ़े हुए वजन और चेहरे पर बालों के कारण लोगों की आलोचनाओं और तानों का सामना करना पड़ा था। दरअसल, बरखा दत्त की मोजो स्टोरी में बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि जब वह 16 साल की थीं, तब उन्हें हार्मोनल समस्याओं से जूझना पड़ा था और उन्होंने कहा, मुझे पीसीओएस था, जिसे पहले लोग पीसीओडी कहते थे। मेरा वजन अचानक काफी बढ़ गया था। उस उम्र में जब हर कोई सुंदर दिखने की कोशिश करता है, मेरे चेहरे पर बाल थे, मुंहासे हो गए थे। लोग कहते थे, ये अनिल कपूर की बेटी है? मैं सदमे में थी। सोनम ने यह भी बताया कि उस मुश्किल वक्त में उनकी मां ही उनका सबसे बड़ा सहारा बनीं। उन्होंने कहा, मम्मी ने मुझे काजोल की एक तस्वीर दिखाई, जिसमें उनकी आइब्रो मोटी थीं और एकदम नैचुरल लुक में थीं। उन्होंने कहा, ह्यदेखो, ये बहुत बड़ी हीरोइन हैं, और उन्होंने अपनी आईब्रो तक नहीं बनवाई। तुम्हें अपने लुक को लेकर शर्मिंदा नहीं होना चाहिए।' इस उदाहरण से सोनम को प्रेरणा मिली और आत्मविश्वास लौटा। सोनम ने आगे बताया कि जब वह 17 साल की हुई, तब मशहूर निर्देशक संजय लीला भंसाली ने उन्हें फिल्म में काम करने का मौका दिया, जिसने उनके करियर की शुरूआत की।





ABVM AGRAWAL JATIYA KOSH'S GHANSHYAMDAS JALAN COLLEGE
Estd. - 2014
G.D. JALAN COLLEGE
Affiliated to University of Mumbai & M.S. Board
(MARWARI MINORITY) NAAC Accredited with B+ Grade, ISO 9001 : 2015 CERTIFIED COLLEGE
College Code : 527
Junior College
F.Y.J.C/ S.Y.J.C (Science & Commerce)
Degree College
B. Com • B.A.F • B.Sc.I.T • B.M.S • B.Sc
ADMISSIONS OPEN
Contact Number : 9326346900 / 9326335467
Upper Govind Nagar, Malad (East)